Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

➢ **जोधपुर में राजकीय ट्रोमा सेन्टर बिलाडा के डॉ० बुधराज बिश्नोई, चिकित्साधिकारी तीन लाख सत्तर हजार रूपयें रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तारं**

जयपुर, दिनांक 14 नवम्बर शुक्रवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर शहर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए **डॉ० बुधराज बिश्नोई चिकित्साधिकारी राजकीय ट्रोमा सेन्टर बिलाडा, जिला जोधपुर को 3,70,000/- रूपयें** रिश्वत लेतें रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी की जोधपुर शहर ईकाई कों एक शिकायत इस आशय की मिली कि डॉ० बुधराज बिश्नोई चिकित्साधिकारी राजकीय ट्रोमा सेन्टर बिलाडा जिला जोधपुर द्वारा परिवादी के भाई को फार्मासिस्ट के पद के लिए नियुक्ति देनें के लिए 3 लाख रूपयें व दोस्त को सफाईकर्मी के पद हेतु नियुक्ति देनें के लिए **50,000/- रूपयें से 1 लाख रूपयें** तक सीएमएचओं जोधपुर ग्रामीण **डा० मोहनदान देथा** के लिए मांग की जा रही है।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरविजन में **श्री चक्रवर्ती सिंह राठौड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर शहर के नेतृत्व में मय जाब्ता के ट्रेप कार्यवाही करतें हुए डॉ० बुधराज बिश्नोई चिकित्साधिकारी राजकीय ट्रोमा सेन्टर बिलाडा जिला जोधपुर कों 3,70,000/- रूपयें रिश्वत राशि लेतें हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जायेगा एवं अन्य संदिग्ध की भूमिका की जांच जारी है।